# प्रेस नोट थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर दिनांक 16.05.2025

## हत्या का प्रयास करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष तिवारीपुर के नेतृत्व में राजेश कुमार पाण्डेय मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 119/2025 धारा 191(2),352,109,351(3) बी0एन0एस0 से संबंधित अभियुक्त शीबू उर्फ मो0 अली को गिरफ्तार किया गया । अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनांक 14.05.2025 को सरकारी राशन के दुकान पर एक महिला KYC कराने गयी थी जहाँ पर दुकानदार के द्वारा अपने रिश्तेदारों का KYC किया जाने लगा । महिला के द्वारा विरोध करने पर दुकानदार ने महिला को गाली गुफ्ता देकर भगा दिया । महिला के संबंध में वादी द्वारा जब  दुकानदार से पूछा गया तब दुकानदार व उसके साथियों द्वारा एक राय होकर वादी मुकदमा को गला दबाकर मारा पीटा गया ।  जिसके संबंध में वादी से प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था ।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

शीबू उर्फ मो0 अली पुत्र रईस अहमद निवासी-जाफरा बाजार थाना तिवारीपुर,जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-**

मु0अ0सं0 119/2025 धारा 191(2),352,109,351(3) बी0एन0एस0 थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर

**गिरफ्तारी की टीम-**

1. उ0नि0 राजेश कुमार पाण्डेय चौकी प्रभारी जाफरा बाजार थाना तिवारीपुर,गोरखपुर
2. का0 मुन्ना यादव थाना तिवारीपुर,जनपद गोरखपुर
3. का0 विपिन गौतम थाना तिवारीपुर,जनपद गोरखपुर